# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो कारीगरों को कुचला, मौत

## शहर के पटेल पुल के सतना के दोनों कारीगरों के साथ हुआ भीषण सड़क हादसा



**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 13 मार्च. शहर के पटेल पुल के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में दो कारीगर मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। सतना जिले के निवासी दोनों मजदूर कारीगर घरों और दुकानों में ग्रेनाइट लगाने का काम करते थे। हादसे की सूचना देर गुरूवार रात करीब 2 बजे स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी।**

मिली जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर बस से उतरकर सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार काले रंग की अज्ञात स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया।इस घटना के बाद रात भर दोनों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे मृतकों की पहचान हो पाई। मृतकों में बसंत यादव 40 वर्ष और रामभुवन सिंह 65 वर्ष शामिल हैं, जो सतना जिले के निवासी थे। दोनों सीधी शहर में मजदूरी कर घरों और दुकानों में ग्रेनाइट लगाने का काम करते थे। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर सतना से सीधी काम के सिलसिले में आ रहे थे और बस से उतरने के बाद सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज में काले रंग की एक स्कॉर्पियो घटनास्थल के पास से गुजरती हुई दिखाई दे रही है, जो संदेह के घेरे में है। वाहन की पहचान लगभग कर ली गई है और जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अभिषेक उपाध्याय**, थाना प्रभारी कोतवाली

# पहिए की चिंगारी से कोच में धुआं

## उचेहरा रेलवे स्टेशन पर 36 मिनट खड़ी रही जबलपुर-रीवा एक्सप्रेस



**नवभारत न्यूज**
**सतना 13 मार्च. जबलपुर से चलकर रीवा की ओर जा रही शटल ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच उस वक्त हड़कंप मच गया जब ट्रेन के कोच से धुआं निकलने लगा. गनीमत यह रही कि उचेहरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के मौजूद रहने के कारण आनन-फानन में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. जांच और सुधार करने में आधे घंटे से अधिक का समय लग गया, जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया.**

जबलपुर रीवा एक्सप्रेस 11705 यानी शटल ट्रेन ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे जैसे ही उचेहरा रेलवे स्टेशन की ओर प्रवेश किया वैसे ही उसके एक कोच से जबरदस्त धुआं उठने लगा. कोच से धुआं उठता देख उसमें सवार यात्रियों के बीच दहशत फैल गई. किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर कोच में सवार सभी यात्री भागते हुए बाहर निकल आए. इस दौरान कुछ देर तक यात्रियों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति भी देखने को मिली. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेला अमला भी फौरन सक्रिय हो गया. कोच में सवार सभी यात्रियों को बाहर निकालने के बाद जांच शुरु की गई. यात्रियों ने रेल कर्मचारियों को बताया कि कोच के नीचे के पहियों से तेज घिसटने की आवाज आ रही थी. जिसके चलते चिंगारी उठने लगी. इसी कड़ी में जबरदस्त तरीके धुआं उठने लगा. जिसे देखते हुए रेल कर्मियों ने उक्त कोच के पहियों की जांच शुरु की. जांच में पाया गया कि पहियों के ब्रेक जाम हो गए थे. ब्रेक शू के पहियों से पूरी तरह चिपक जाने के कारण तेज रगड़ के साथ चिंगारी उठने लगी और इसी वजह से धुआं भी उठने लगा. रेल कर्मियों द्वारा ब्रेक को ढीला कर वापस उसके उचित स्थान पर लाया गया. जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया. इस घटना के चलते जबलपुर रीवा एक्सप्रेस ट्रेन 36 मिनट तक उचेहरा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही.

### सतना में दोबारा हुई जांच

उचेहरा रेलवे स्टेशन पर हुई घटना को बाद जबलपुर रीवा एक्सप्रेस जब सतना पहुंची तो वहां पर पहले से ही तैयार रेल अमले द्वारा तकनीकी जांच की गई . जिसके बाद ट्रेन को रीवा के लिए रवाना किया गया . हलांकि पहियों के ब्रेक ब्लाक हो जाने अथवा ब्रेक बाइंडिंग को इस घटना के पीछे की वजह माना जा रहा है . लेकिन इसके बावजूद भी मंडल द्वारा मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं . जिसमें लोको पायलट और गार्ड सहित अन्य रेल कर्मियों के बयान भी लिए जाएंगे . इस मामले में किसी की लापरवाही सामने आने पर आवश्यक कार्रवाई भी हो सकती है .

# मुद्रिका के मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

## जेल भेजने के मामले में 27 अप्रैल को होगी पेशी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, मऊगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही किये जाने का मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया है.**

महाविद्यालय के कर्मचारी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार का विरोध करना मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी और उनके साथियों को भारी पड़ गया था. आरोप लगाकर जेल तक भेज दिय गया.

कार्यवाही के खिलाफ मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी और रामेश्वर प्रसाद गुप्ता के पुत्रों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगाई. मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च न्यायालय, जबलपुर ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है. 10 मार्च 2026 को पारित आदेश में न्यायालय ने राज्य पक्ष को विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल 2026 को होगी. मामले के न्यायालय पहुंचने के बाद मऊगंज जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई होती है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है. अब सबकी नजर आगामी सुनवाई पर टिकी है.

# व्हाइट टाइगर सफारी में रेप्टाइल हाउस का लोकार्पण आज



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 मार्च को महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर में रेप्टाइल हाउस का लोकार्पण करेंगे.**

सुबह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री मैहर जिला एवं राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमी राधा सिंह करेंगी. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, विधायक अमरपाटन डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी एवं पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल उपस्थित रहेंगे.

# तीसरे दिन मोरवा अलर्ट पर पुलिस ने किया मार्च

## स्थिति सामान्य, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी पहुंचे जेल



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 13 मार्च । मोरवा के साईनगर पवन शाह हत्याकांड के तीसरे आज दिन शुक्रवार को मोरवा क्षेत्र अलर्ट पर रहा। पुलिस ने एहतियाती कदम उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी तनाव का माहौल नजर नहीं आया, लेकिन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की सक्रियता दिनभर बनी रही और संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी की जाती रही।**

आज तीसरे दिन भी मोरवा में पुलिस का कड़ा पहरा रहा। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और लगातार पेट्रोलिंग की जाती रही। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक आगामी 1 से 2 दिनों तक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती मोरवा क्षेत्र में जारी रहने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच कांग्रेस नेता राम शिरोमणि शाहवाल मृतक पवन के परिजनों से मिलने पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में कांग्रेस पार्टी पवन को इंसाफ दिलाने के लिए आवाज बुलंद करेगी। साथ ही पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए सत्ता पक्ष से अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग भी उठाई। जिले भर में कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी मृतक को न्याय दिलाने की मुहिम तेज कर दी है।

### एसडीओपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

शाम करीब 6 बजे एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर एसडीओपी गौरव पाण्डेय और एसडीओपी राहुल सैयाम के नेतृत्व में मोरवा क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के जरिए लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। जानकारी के अनुसार पवन हत्याकांड के सभी आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था जारी रखी गई है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनी रहेगी।

# बेकाबू सिफ्ट बस के नीचे आए प्रौढ़ व चार गायें

## कोतवाली बैढ़न के तेलाई मोड़ की घटना, प्रौढ़ व्यक्ति एवं गायों की मौत



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 13 मार्च । कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के तेलाई मोड़ पर आज दिन शुक्रवार की रात करीब 8:15 बजे एक भीषण हादसा हुआ है। इस हादसे में एक राहगीर मिस्त्री प्रौढ़ व्यक्ति समेत चार गायों की अकाल मौत हो गई।**

प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि सिफ्ट बस काफी तेज गति से आ रही थी कि बस के नीचे राहगीर व चार गायें आ गई। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 66 जेडएक्स 6180 नौगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में सिफ्ट बस बैढ़न की ओर आ रही थी कि कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के तेलाई मोड़ के समीप पैदल जा रहे कमानी मिस्त्री बीजपुर रोड गनियारी मिस्त्री बालकराम सोनी पिता हीरालाल सोनी उम्र करीब 45 वर्ष चपेट में आने से उसके नीचे समा गया। साथ ही चार गायें भी उसके चपेट में आ गये। इस नजारे को देख घटनास्थल पर अफरा-तफरी एवं प्रौढ़ व्यक्ति को बचाने के लिए कवायदे शुरू कर दिये। अंतत: जेसीबी मशीन के सहारे घायल व्यक्ति एवं गायों को बाहर निकालने का प्रयास किया और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को आनन-फानन में जिला चिकित्सालय लाया गया, लेकिन चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस भी रेस्क्यू में लगी रही।

# प्रभारी मंत्री के आवास पर प्रबंध समिति की पहली बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 13 मार्च । भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे में बदलाव के पश्चात नई प्रबंध समिति कोर कमेटी का भी गठन पूर्ण होने के बाद जिले की नवगठित प्रबंध समिति की प्रथम औपचारिक बैठक भोपाल में सम्पन्न हुई है।**

नवीन कोर कमेटी की प्रथम बैठक जिले की प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री संम्पतिया उइके के नेतृत्व में उनके आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यमंत्री राधा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह,विधायक रामनिवास शाह, विधायक राजेंद्र मेश्राम, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता मौजूद रहे। प्रबंध समिति की इस बैठक में कई सांगठनिक एवं प्रशासनिक विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।



# दुकान की झोपड़ी में आग लगने से हजारों का सामान जलकर राख

**नवभारत न्यूज**
**सेमरिया, 13 मार्च. पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत ग्राम गौरदहा तिलमडाणी में बीती रात 12 मार्च 2026 को अज्ञात कारणों से एक दुकान की झोपड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई और उसमें रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।**

जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी मनप्रसाद विश्वकर्मा की छोटी सी किराना दुकान झोपड़ी में संचालित थी। पीड़ति मनप्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी दुकान में लगभग 8 से 9 हजार रुपये का सामान रखा हुआ था, जो आग लगने से पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना की जानकारी उन्होंने खड्डी चौकी में दे दी है। पीड़ति ने बताया कि सुबह गांव के सरपंच को भी इस घटना की सूचना दी गई, उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सरपंच, सचिव और पटवारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करें। मनप्रसाद विश्वकर्मा का कहना है कि उनकी दुकान ही परिवार के भरण-पोषण का मुख्य साधन थी। अचानक आग लगने से उनका काफी नुकसान हो गया है। उन्होंने शासन से उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपनी आजीविका शुरू कर सकें।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल किशोरी ने तोड़ा दम

## अपराध दर्ज कर तलाश में जुटी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 13 मार्च । गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गड़ा में अपने नानी के घर आई एक 16 वर्षीय किशोरी बालिका अज्ञात वाहन के चपेट में आ गई, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।**

यह घटना आज दिन शुक्रवार की सुबह 8:30 बजे की है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर तलाश में जुट गई है। किशोरी का टक्कर किस वाहन से हुआ , इसपर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हादसे के वक्त किसी की भी नजर नही पड़ी। जानकारी के अनुसार ग्राम नौडिहवा निवासी साधना साकेत पिता रामबरन साकेत उम्र 16 वर्ष पिछले दिनों अपने नानी के घर बड़बड़ा आई हुई थी। आज दिन शुक्रवार की सुबह घर के बाहर सड़क पर खेल रही थी, तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल अवस्था में बालिका को उपचार के लिए चितरंगी सीएससी लाया गया, लेकिन दोपहर के वक्त उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर के टक्कर से साधना की मौत हुई है। हालांकि किसी ने भी देखा नही है, एक अनुमान लगा रहे हैं। इसी बात को लेकर परिजन हंगामा भी कर रहे थे। गढ़वा टीआई विद्या वारिधि तिवारी स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंच सड़क बाधित करने वाले लोगों को समझाइस देकर मामले को शांत कराया।

# लोक अदालत के लिए बनाई गईं 39 खंडपीठें

- सतना में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**सतना 13 मार्च. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा 14 मार्च 2026 को जिले भर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।**

यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में कुल 39 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों में 3059 से अधिक लंबित तथा लगभग 10 हजार से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विचार किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा 14 मार्च को प्रात: 10.30 बजे जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी संबंधित अधिकारी, अधिवक्ता एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई है। विशेष रूप से मोटर दुर्घटना से संबंधित 138 प्रकरणों में राजीनामा कर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही बिजली से जुड़े मामलों में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान कर छूट का लाभ लें, जिससे उनकी आर्थिक बचत हो सके और बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।

### आपसी समझौते से अन्य मामलों का भी निराकरण

लोक अदालत में बैंक ऋण, जलकर, संपत्तिकर, बिजली बिल, उपभोक्ता विवाद, चेक बाउंस तथा अन्य सिविल प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी नागरिकों से लोक अदालत में भाग लेकर अपने मामलों का शीघ्र और सुलहपूर्ण समाधान कराने की अपील की है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी ने ग्रेच्युटी की राशि देने में रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

- कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की उठी मांग

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 13 मार्च। लोक निर्माण विभाग संभाग सिंगरौली एक बार फिर गंभीर आरोपों के कारण चर्चा में है।**

विभाग के लेखा अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राशि जारी करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। देवसर क्षेत्र के सेवानिवृत्त समयपाल बद्री प्रसाद पाठक ने विभाग में चल रही कथित मनमानी और रिश्वतखोरी का खुलासा करते हुए अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। देवसर क्षेत्र के सुपेला निवासी बद्री प्रसाद पाठक ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग में समयपाल के पद पर वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्ति ली है। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मिलने वाली ग्रेच्युटी की राशि अब तक नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के लेखा अधिकारी मनवीर सिंह मोर द्वारा ग्रेच्युटी की पूरी राशि जारी करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही है। इधर पीड़ित कर्मचारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए कलेक्टर सिंगरौली का ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राशि जल्द जारी की जाए।



### आधा दर्जन कर्मचारियों की राशि भी अटकी

बद्री प्रसाद पाठक के अनुसार केवल उनकी ही नहीं, बल्कि लगभग आधा दर्जन अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राशि भी विभाग में लंबित पड़ी हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक कमीशन नहीं दिया जाता, तब तक फाइलों को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रेच्युटी की राशि पाने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी कई बार विभाग के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों के मनमानी रवैये के कारण उन्हें अपने ही हक की राशि पाने के लिए भटकना पड़ रहा है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99